बिहार विधान परिषद्

<u>निविदा</u>

<u>वित्तीय वर्ष 2013-14 के लिए क्रय से संबंधित</u>

बिहार विधान परिषद् सचिवालय में लेखन सामग्री, कंप्यूटर, प्रिंटर का कार्टिज, प्रकाशन, सफाई, विद्युत, क्राकरी एवं अन्य सामग्री की क्रय हेतु इच्छुक फर्मों/ प्रतिष्ठानों से सील बंद लिफाफा में प्राक्कलन दिनांक- 16.09.2013 को 3.00 बजे अप. तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निम्न शर्त्तों के अधीन निविदा आमांत्रित की जाती है। प्राप्त सभी निविदा उपर्युक्त तिथि को ही 5.00 बजे अप. सचिव, बिहार विधान परिषद् के कार्यालय कक्ष में खोली जाएगी क्रय की जाने वाली सामाग्रियों की सूची एवं शर्त्तें निम्नवत् हैं:-

1. निविदा के कवर पर फर्म का पूरा नाम, पता तथा दूरभाष / मोबाईल नं. अंकित रहना चाहिए।

2. निविदा के साथ कार्यानुभव, फर्म का निबंधन-पत्र अद्यतन आयकर एवं बिक्री कर (वैट) चुकता प्रमाण-पत्र की छाया प्रति संलग्न होनी चाहिए। बिक्री कर 5% या 13.5% स्पष्ट रहना चाहिए। कर सहित प्राक्कलन दर पर विचार नहीं किया जाएगा।

3. निविदा में अंकित सामग्रियों की दर की मान्यता क्रयादेश की तिथि से अगले एक वर्ष के लिए होगी। चयनित संस्थान को स्वीकृत दर पर एक वर्ष तक मांग के आधार पर सामग्रियों की आपूर्ति करनी होगी।

4. प्राक्कलन खुलते वक्त जमानत राशि के रूप में 10,000.00 (दस हजार) :पए मात्र का चेक जमानत के रूप में देना होगा। संस्थान को क्रयादेव के पश्चात् आपूर्ति सामग्रियों की गुणवत्ता की जांचोपरान्त एवं अन्य संस्थानों को प्राक्कलन खुलने की तिथि से एक सप्ताह बाद वापस कर दी जाएगी।

5. किसी अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताए रद्द / अस्वीकृत करने का सर्वाधिकार सचिव, बिहार विधान परिषद् को प्राप्त रहेगा।

(जय कुमार प्रसाद)
अवर सचिव